तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



11 बाइक पर सवार होकर नक्सलियों के गढ़ ...

12 प्रसूता और नवजात की मौत पर गरमाई ...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
25 मई 2026
कूपन नं.
1


## कोयलीबेड़ा और छोटेबेठिया में नक्सलियों का डंप हथियारों के जखीरे का खुलासा

# कांकेर-नारायणपुर सीमा पर दो स्थानों में नक्सली हथियार और विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर





नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत संयुक्त सुरक्षा बलों को कांकेर-नारायणपुर सीमा पर कामयाबी मिली है। घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में चलाए गए दो अलग-अलग सर्च ऑपरेशनों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के छिपाए गए हथियारों और विस्फोटकों के बड़े जखीरे का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में जिंदा बम, बीजीएल लॉन्चर, हजारों डेटोनेटर, बारूद और नक्सली सामग्री बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीमों की इस सफलता को नक्सल मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया। पहली कार्रवाई 22 मई को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम पल्लाहूर और जपमरका के बीच पहाड़ी एवं घने जंगलों में की गई। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। गहन तलाशी के दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा डंप मिला। बरामद सामग्री में एक देशी बीजीएल लॉन्चर, 25 नग बीजीएल सेल, चार इम्प्रोवाइज्ड फायर कारतूस तथा एके-47 और एसएलआर के खाली खोखे शामिल हैं। इसके अलावा लगभग पांच किलोग्राम गन पाउडर और दस बड़े सुतली बम भी जब्त किए गए। जवानों ने तीन नक्सली वर्दी, एक सोलर चार्जर, करीब 50 फीट बिजली तार, मेडिकल किट और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी बरामद की। सुरक्षाबलों के अनुसार यह डंप नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी वारदात की तैयारी के लिए छिपाकर रखा गया था। इसी क्रम में दूसरी बड़ी कार्रवाई 23 मई को छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के मरकाबेड़ा, आदनार और एलूर के मध्य जंगलों में की गई। खुफिया इनपुट मिलने के बाद संयुक्त सुरक्षा बलों ने इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। तलाशी के दौरान जवानों को भारी मात्रा में डेटोनेटर और हथियार बरामद हुए। बरामद सामग्री में तीन नग 12 बोर राइफल, एक बीजीएल लॉन्चर, छह बीजीएल सेल और 100 ग्राम बारूद शामिल है। सबसे अहम बरामदगी 800 इलेक्ट्रिक और 200 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर की रही, जिससे स्पष्ट है कि नक्सली किसी बड़े विस्फोटक हमले की तैयारी में थे। इसके अलावा एक नक्सली वर्दी और अन्य सामग्री भी जब्त की गई।

### विस्फोटक सामग्री को निष्क्रिय किया जा रहा

सुरक्षाबलों का कहना है कि लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत नक्सलियों के द्वारा जंगलों में छिपाकर रखे हथियार व विस्फोटक की जानकारी मिलने पर उनको निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# अंतागढ़ में चक्काजाम देखने गए युवक की बेदम पिटाई पुरानी सर्जरी की प्लेट खिसकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



थाना अंतागढ़ क्षेत्र के कुहचे चौक में चक्काजाम देखने पहुंचे एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई, जिसमें पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट इतनी बुरी थी कि उसके दाहिने हाथ में एक्सीडेंट के बाद ऑपरेशन से लगाई गई सर्जिकल प्लेट तक अपनी जगह से खिसक गई। शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 32 वर्षीय ऋषिकेश जायसवाल पिता दिनेश जायसवाल ने थाना अंतागढ़ पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि 24 मई की रात करीब साढ़े 10 बजे वह कृषि केंद्र कुहचे चौक के पास चल रहे चक्काजाम स्थल पर वाहनों की स्थिति देखने गया था। इसी दौरान वहां मौजूद नयापारा अंतागढ़ निवासी राजेश साहू उर्फ सोनू ने उसे देखते ही सवाल-जवाब शुरू कर दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने बताया कि वह चक्काजाम देखने और अपने दोस्तों के लिए नाश्ता लेकर जा रहा है, लेकिन इसी बात पर आरोपी भड़क गया। आरोप है कि राजेश साहू ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और कॉलर पकड़कर हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने उसके दाहिने हाथ को जोर से मरोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि कुछ समय पहले एक्सीडेंट में उसका हाथ टूट गया था, जिसके ऑपरेशन के बाद उसमें प्लेट लगाई गई थी। मारपीट के दौरान प्लेट अपनी जगह से खिसक गई, जिससे उसे असहनीय दर्द होने लगा। साथ ही सिर और गाल में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की शिकायत पर थाना अंतागढ़ पुलिस ने आरोपी राजेश साहू उर्फ सोनू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### घायल की अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत कुरूभाट निवासी दीनबंधु साहू पिता बोधन साहू का इलाज के दौरान 5 मई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 20 लीटर कच्ची शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध महुआ शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम लाल माटवाड़ा यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति खुलेआम महुआ शराब बेच रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी पटेलपारा लाल माटवाड़ा निवासी 38 वर्षीय जितेन्द्र दुग्गा को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 20 लीटर देशी महुआ शराब, प्लास्टिक गिलास एवं बिक्री रकम 300 रुपएं बरामद किए गए। जब्त शराब की कीमत करीब 2000 रुपएं आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### ग्राम चिखली में आज लगेगा समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत जाड़ेकुसी में 25 मई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत चिखली, साधुमिचगाव, कोड़े, हामतवाही मंगहूर, पंचागी, सराधुघमरे सहित आसपास के अनेक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेंगे।

# पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने बांटी चाकलेट, किया प्रदर्शन



**कांकेर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कांकेर शहर इकाई ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की भारत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांकेर शहर के पेट्रोल पंप के सामने आम लोगों को मेलोडी चॉकलेट बांटकर अनोखे अंदाज में अपना विरोध जताया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने नारे लगाते हुए कहा कि पेट्रोल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यासीन कराणी ने कहा कि वर्ष 2014 में अच्छे दिनों और महंगाई कम करने का वादा कर केंद्र में सरकार बनाई गई थी, लेकिन आज देश की जनता बढ़ती महंगाई से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते वर्षों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कांग्रेस नेता सुनील गोस्वामी ने कहा कि जनता महंगाई से त्रस्त है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश दौरों और अन्य गतिविधियों में व्यस्त हैं। ▸▸| शेष पेज 10 पर

# साइड नहीं देने पर युवक के बेरहमी से पिटाई, मामला दर्ज, विवेचना शुरू



**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र में सड़क पर साइड नहीं देने की मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। खरीददारी के लिए बाइक रोकने पर भड़के युवक ने पहले गाली-गलौच की, फिर युवक को बेरहमी से पीटते हुए उसके बाल पकड़कर बिजली के पोल में पटक दिया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीव्ही 35 बापूनगर निवासी 40 वर्षीय विकास मण्डल ने थाना पखांजुर में दर्ज शिकायत में बताया कि वह 23 मई की रात अपने पुत्र शिवानंद मण्डल को लेने ससुराल पीव्ही 22 लखनपुर मोटर सायकल से जा रहा था। इसी दौरान विक्की ▸▸| शेष पेज 10 पर

# आसमान से बरसेगी आग, एलनीनो के डबल असर से भीषण गर्मी का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर


• आज 25 मई से शुरू हुआ नौतपा, 02 जून तक रहेगा नौतपा


मई की झुलसाती दोपहर, तपती सड़कों पर पसरा सन्नाटा और आसमान से बरसती आग जैसी धूप अब अपने सबसे खतरनाक तेवर दिखाने लगा है। इस बार नौतपा की शुरुआत ऐसे दौर में हो रही है, जब वैज्ञानिक एलनीनो के असर को लेकर पहले ही चेतावनी दे चुके हैं।

- सूर्य देव का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश, 25 मई से 2 जून तक नौतपा

ज्योतिषीय मान्यताओं और वैज्ञानिक संकेतों का यह संयोग लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले नौ दिन गर्मी के लिहाज से बेहद कठिन साबित हो सकते हैं। कांकेर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में तेज लू, तपती हवाएं और रिकॉर्डतोड़ तापमान जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। हिंदू पंचांग और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तभी नौतपा की शुरुआत होती है। वर्ष 2026 में नौतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगा। धार्मिक मान्यता है कि इन नौ दिनों में सूर्य का प्रभाव पृथ्वी पर सबसे अधिक पड़ता है, जिससे गर्मी अपने चरम पर पहुंच जाती है। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इस दौरान प्रकृति शुद्धिकरण की प्रक्रिया से गुजरती है, इसलिए वातावरण में उग्रता और ताप बढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बुजुर्ग नौतपा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलना, अधिक पानी पीना, हल्का भोजन करना और शरीर को ठंडा रखने वाले पेय पदार्थों का सेवन करना पारंपरिक तौर पर जरूरी माना जाता है।

**मौसम विशेषज्ञों ने जारी किया अलर्ट :** मौसम विशेषज्ञों ने भी इस बार नौतपा को लेकर अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक एलनीनो के प्रभाव के कारण सामान्य वर्षों की तुलना में अधिक गर्मी और खतरनाक लू चलने की आशंका है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। ▸▸| शेष पेज 10 पर

# शराब बेचते दो कोचिए चढ़े पुलिस के हत्थे



**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 71 में पुलिस ने 22 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी विजेन के कब्जे से 20 नग अंग्रेजी शराब, 9 नग बियर व नगद एक हजार रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वही हल्बा चौकी पुलिस ने 23 मई को दोपहर 1 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी थानाबोड़ी निवासी 42 वर्षीय कृष्णा कुमार जैन पिता स्व. लच्छन राम जैन के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।







